# सत्र -2024-25

विषय : हिंदी , कक्षा : दसवीं

## मॉडल टेस्ट पेपर

(विलक्षण प्रतिभा वाले विद्यार्थियों के लिए) DA

[For Autism Spectrum Disorder (ASD), Cerebral Palsy, Chronic Neurological Conditions, Specific Learning Disability, Multiple Disabilities including Deaf-blindness, Parkinson's Disease, Mental illness, Visually Impaired, Hearing impaired and Intellectual Disability (ID) students]

समय : 3 घंटे

पूर्णांक =80

आंतरिक मूल्यांकन= 20

### भाग-क वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न-1 (क) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में सही उत्तर छाँटकर लिखिए : $8\times2=16$

1 'छात्रावास' शब्द के सही संधिविच्छेद विकल्प को चुनकर लिखिए:

(क) छात्रा + वास (ख) छात्र+ आवास (ग) छात्र+ वास (घ) छात्र + अवास

2 'दशमेश' शब्द के सही संधिविच्छेद विकल्प को चुनकर लिखिए:

(क) दशम+इश (ख) दशम+ईश (ग) दशम+एश (घ) दशम+ऐश

3 'गौशाला' का समास विग्रह चुनिए-

(क) गौ के लिए शाला (ख) गौ को शाला (ग) गौ की शाला (घ) गौ में शाला

4 'परम है जो आनन्द' का समास (समस्त पद) चुनिए-

(क) परमवीर (ख) परमात्मा (ग) परमानंद (घ) परमआनंद

5 'आँख' का पर्यायवाची चुनें-

(क) रसना (ख) अनल (ग) सर (घ) नयन

6 आकाश' का पर्यायवाची चुनें-

(क) आसमान (ख) शाला (ग) नीरज (घ) ताल

7 'अर्थ' शब्द के अनेकार्थक शब्दों में से जो शब्द उपयुक्त नहीं है, उस शब्द को चुनकर लिखिए ।

(क) कारण (ख) धन (ग) प्रयोजन (घ) वंश

8 कविता भाग 'दोहावली' के अनुसार संत किस की भाँति नीर क्षीर विवेक करते हैं?

(क) हंस की भाँति (ख) श्री राम की भाँति

(ग) हनुमान की भाँति (घ) लक्ष्मण की भाँति

(ख) निम्नलिखित 'क' भाग का 'ख' भाग से सही मिलान कीजिए : $5\times2=10$

| 'क' भाग | 'ख' भाग |
|---|---|
| (i) 'धर्म ' शब्द का विशेषण | (i) मित्रता |
| (ii) 'मित्र' शब्द की भाववाचक संज्ञा | (ii) सरस्वती |
| (iii) 'नर्स' कहानी में महेश की माँ का नाम | (iii) धार्मिक |
| (iv) भारत के प्रथम राष्ट्रपति | (iv) जयदेव |
| (v) 'देश के दुश्मन' एकांकी में सुमित्रा के बेटे का नाम | (v) राजेन्द्र बाबू |

(ग) कोष्ठक में दिए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें- 5×2=10

i) देश में ................की खपत निरंतर बढ़ रही है। ( अन्य / अन्न ) कोष्ठक में दिए शब्दों में से उपयुक्त समरूपी भिन्नार्थक शब्द चुनकर लिखिए।

(ii) अपनी ...........अलग पकाना । (खिचड़ी/दाल) रिक्त स्थान भरकर मुहावरा पूरा करें)

(iii) मीरा .............की भक्त थी। ( श्रीराम/श्री कृष्ण )( 'पदावली' पाठ के आधार पर रिक्त स्थान भरें)

(iv) चित्रा एक ................थी। ( समाज सेविका/ चित्रकार ) ('दो कलाकार' कहानी के आधार पर रिक्त स्थान भरें)

(v) जयदेव की पत्नी का नाम ..................है। ( नीलम / मीना ) ('देश के दुश्मन' एकांकी के आधार पर रिक्त स्थान भरें)

(घ) निम्नलिखित सही कथन पर सही ( √ ) और गलत कथन पर ( X ) का निशान लगायें: 6×2=12

(i) 'साक्षर' का विलोम ( विपरीत ) शब्द 'निराकार' होगा- ( )

(ii) जो ईश्वर में विश्वास रखे, उसे आस्तिक कहते हैं। ( )

(iii) 'पेड़ों पर मत चढ़ो' । यह वाक्य का शुद्ध रूप है ( )

(iv) 'पदावली' पाठ के आधार पर श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत धारण किया था। ( )

(v) तुलसीदास जी राम के भक्त थे। 'दोहावली' पाठ के आधार पर उत्तर दें। ( )

(vi) 'देश के दुश्मन' एकांकी जयदेव को स्वागत सभा में छह हज़ार रुपये देने के लिये सोचा गया। ( )

## भाग-II

प्रश्न-2 निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए : 2×3=6

(i) चित्रा कहानी के आरम्भ में अरुणा को क्यों जगाती है ? 'दो कलाकार' कहानी के आधार पर उत्तर लिखें।

(ii) बुजुर्ग बसंती को किसका पत्र मिला ? 'माँ का कमरा ' कहानी के आधार पर उत्तर दें ।

(iii) गुरु नानक देव जी का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

(iv) जयदेव ने तस्करों को मार कर उनसे कितने लाख का सोना छीना ? 'देश के दुश्मन' एकांकी के आधार पर उत्तर लिखें।

(ii) निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद करें — 3

ਸਾਨੂੰ ਆਪਣੇ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਦਾ ਵੱਧ ਤੋਂ ਵੱਧ ਸਨਮਾਨ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਉਹ ਬੁੱਧੀਮਾਨ, ਅਨੁਭਵੀ ਅਤੇ ਘਰ ਦਾ ਸ਼ਿੰਗਾਰ ਹੁੰਦੇ ਹਨ।

## भाग- III

प्रश्न-3 (i) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :

2×2=4

मनुष्य का जीवन कर्म-प्रधान है। मनुष्य को निष्काम भाव से सफलता-असफलता की चिंता किए बिना अपने कर्त्तव्य का पालन करना है। आशा या निराशा के चक्र में फँसे बिना उसे लगातार कर्त्तव्यनिष्ठ बना रहना चाहिए। किसी भी कर्त्तव्य की पूर्णता पर सफलता अथवा असफलता प्राप्त होती है। असफल व्यक्ति निराश हो जाता है, किन्तु मनीषियों ने

असफलता को भी सफलता की कुंजी कहा है। असफल व्यक्ति अनुभव की सम्पत्ति अर्जित करता है, जो उसके भावी जीवन का निर्माण करती है। जीवन में अनेक बार ऐसा होता है कि हम जिस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए परिश्रम करते है, वह पूरा नहीं होता है। ऐसे अवसर पर सारा परिश्रम व्यर्थ हो गया-सा लगता है और हम निराश होकर चुपचाप बैठ जाते हैं। उद्देश्य की पूर्ति के लिए पुनः प्रयत्न नहीं करते। ऐसे व्यक्ति का जीवन धीरे-धीरे बोझ बन जाता है। निराशा का अंधकार न केवल उसकी कर्म-शक्ति, बल्कि उसके समस्त जीवन को ही ढँक लेता है। मनुष्य जीवन धारण करके कर्म-पथ से कभी विचलित नहीं होना चाहिए। विघ्न-बाधाओं की, सफलता-असफलता की तथा हानि-लाभ की चिंता किए बिना कर्त्तव्य के मार्ग पर चलते रहने में जो आनंद एवं उत्साह है, उसमें ही जीवन की सार्थकता है।

प्रश्न 1. मनुष्य का जीवन कैसा है।

**क. कर्म रहित ख. कर्म प्रधान ग. दोनों ही घ.असफल**

प्रश्न 2. कर्त्तव्य-पालन में मनुष्य के भीतर कैसा भाव होना चाहिए ?

**क. कर्म रहित ख. कर्म प्रधान ग. दोनों ही घ.चिंता**

प्रश्न 3. मनीषियों' शब्द का अर्थ लिखिए।

**क. सफलता ख. चापलूसों ग. पंडितों घ.मनुष्यों**

प्रश्न 3. **'परिश्रम'** शब्द का अर्थ लिखिए।

**क. सफलता ख. मेहनत ग. शर्म घ.श्रमिक**

(ii) आपका नाम पंडित अखिलेश नाथ है। आपका मोबाइल नम्बर - 7814642462 है। आपने सेक्टर-22, चंडीगढ़ में एक 'अखिलेश योग साधना केन्द्र' खोला है, जहाँ आप लोगों को योग सिखाते हैं जिसकी प्रति व्यक्ति, प्रति मास 1000 रु० फीस है। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'योग सीखिए' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

**अथवा**

आपका नाम विशाल कुमार है। आप सरकारी हाई स्कूल लुधियाना में पढ़ते हैं। आप एन. एस.एस. यूनिट के मुख्य सचिव हैं। आपके स्कूल में दिनांक 25 मई, 2021 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आप अपनी तरफ से एक नोटिस तैयार करें जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों से रक्तदान के लिए अनुग्रह किया जाये। 4

**भाग- IV**

प्रश्न-4 (i) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें- 3×5=15

'दो कलाकार ' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

मित्र का चुनाव करते समय हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? 'मित्रता ' पाठ के आधार पर उत्तर लिखें।

**अथवा**

जयदेव ने तस्करों को कैसे पकड़ा ? 'देश के दुश्मन' एकांकी के आधार पर उत्तर लिखें।

(ii) निम्नलिखित में से अनुच्छेद अथवा पत्र लिखिए ।

निम्नलिखित में से दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 60-80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए । एक आदर्श विद्यार्थी के गुण

संकेत बिंदु : (क) प्रातः जल्दी उठना व नित्य व्यायाम करना (ख) समय पर स्कूल जाना (ग)मन लगाकर पढ़ना (घ) सहपाठियों से मधुर संबंध (ङ)अनुशासन प्रिय

**अथवा**

जीवन में परिश्रम का महत्व

संकेत बिन्दु : (क) सफलता का मूल मंत्र: परिश्रम (ख) आलस्य के कारण असफलता व निराशा (ग) परिश्रम करने से मन को संतुष्टि (घ) परिश्रमसे भाग्य का बदलना (ङ) पुरुषार्थ से लक्ष्य प्राप्ति

**अथवा**

आपका नाम प्रीतपाल सिंह है। आप नंदन पब्लिक स्कूल मुरादाबाद में दसवीं-सी कक्षा में पढती हैं। आपका रोल नम्बर-21 है।अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए जिसमें बड़ी बहन के विवाह में शामिल होने के लिए चार दिन का अवकाश माँगा गया हो।

**अथवा**

आप का नाम चंपक लाल है।आप मकान नम्बर 45 सुंदर नगर में रहते हैं। आप नगर निगम सुंदर नगर के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर उनसे अपने क्षेत्र/मुहल्ले की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

**(iii) निम्नलिखित में से किसी एक प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतारकर भरें- 5**

मान लीजिए आपका नाम विजय दीनानाथ चौहान है। आपका अरावली बैंक, शाखा-चण्डीगढ़ में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 7873826633 है। आपको आने इस खाते में दिनांक 26.12.2019 को 4500/- रुपये जमा करवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतारकर भरें।

**अरावली बैंक, शाखा-चण्डीगढ़**

**बैंक में रुपये जमा करवाने हेतु प्रपत्र**

**दिनांक : ....................**

जमा बचत खाता नम्बर:..........................जो कि ..................................के नाम से है, में

..........................................(शब्दों में) की राशि जमा करें।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर:.................................. ...

**अथवा**

मान लीजिए आपका नाम मेधावी है। आपका भारतीय डाक के सेक्टर-47 चंडीगढ़ में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 6283389291 है। आपको अपने इस खाते में से दिनांक 21.08.2018 को 10,000/- रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतारकर भरें।

**रुपये निकालने का फार्म**

(जमाकर्ता द्वारा भरा जाए)

डाकघर का नाम: सेक्टर-47 चंडीगढ़

दिनांक : ......................

बचत खाता सं:............................................................................................

कृपया मुझे ...............................- रु. (अंकों में ) ......................................रुपये (शब्दों में) का भुगतान करें।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर.......................................